बिहार विधान परिषद्

186वां सत्र

अल्पसूचित प्रश्न
वर्ग – 2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{31 श्रावण, 1939 (श.)}}{\text{22 अगस्त, 2017 ई.}}$

प्रश्नों की कुल संख्या – 09

1.	स्वास्थ्य विभाग	-	-	08
2.	अल्पसंख्यक कल्याण विभाग	-	-	01
			कुल योग –	09

जवाबदेह पदाधिकारियों पर कार्रवाई

1. **डा. संजीव कुमार सिंह** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत सुपौल जिले के वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल की लापरवाही व गैर जिम्मेवारी के कारण वह एंबुलेंस लगभग छः महीने से कंपनी के वर्कशॉप में पड़ा हुआ है जबकि अभी बीमा कंपनी द्वारा तय समय-सीमा समाप्त नहीं होने के कारण बिना खर्च के गाड़ी बनाई जा सकती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ऐसे गैर जिम्मेवार पदाधिकारियों पर क्या कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

गबन करने वाले पर कार्रवाई

2. **श्री मो. गुलाम रसूल** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि कदमकुआं, पटना स्थित राजकीय तिब्बी कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आउटसोर्सिंग के जरिए लगभग 80 (अस्सी) कर्मी बहाल किये गये हैं जिसमें से लगभग आधे कर्मी कॉलेज प्रशासन एवं आउटसोर्सिंग एजेंसी की मिलीभगत से कार्य स्थल पर नहीं आते एवं उक्त कर्मियों की फर्जी हाजिरी बन जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्य स्थल पर अपनी ड्यूटी का निर्वाह करने वाले कर्मियों से दो तरह की सैलरी वाउचर पर हस्ताक्षर कराया जाता है तथा उन्हें रु. 6200/- की जगह मात्र रु. 3000/- का भुगतान उनके अकाउन्ट में न करके नकदी में किया जाता है बाकी रकम कॉलेज प्रशासन एवं एजेंसी के अधिकारी गबन कर जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ड्यूटी का उचित निर्वाह करने वाले कर्मियों को पूरा मानदेय दिलाने एवं सरकारी राशि का गबन करने वाले कॉलेज प्रशासन एवं एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

ब्लड बैंक एवं अल्ट्रासाउंड मशीन कबतक

3. **श्री राधाचरण साह** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत डुमरांव अनुमंडल में अनुमंडलीय अस्पताल है;

(ख) क्या यह सही है कि डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक एवं अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि ब्लड बैंक एवं अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं रहने के कारण रोगियों को इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव में ब्लड बैंक एवं अल्ट्रासाउंड मशीन जनहित में लगवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

एक्स-रे मशीन की उपलब्धता

4. **श्री राजकिशोर सिंह कुशवाहा** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सरोजा सीताराम राजकीय सदर अस्पताल, शिवहर में ओ.पी.डी. सेवा 31 मई, 2017 से प्रारंभ हो गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि ओ.पी.डी. में एक्स-रे मशीन उपलब्ध नहीं होने से मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वहां एक्स-रे मशीन उपलबध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

योजनाओं का कार्यान्वयन

5. **श्री केदारनाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. में नौ ऐसी योजनाएं तैयार की गईं जो मरीजों और मेडिकल छात्रों के लिए महत्वपूर्ण एवं उपयोगी थीं;

(ख) क्या यह सही है कि उन सभी योजनाओं पर आजतक कोई काम नहीं हुआ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बताएगी कि उक्त नौ योजनाएं कौन-कौन सी हैं और उनके कार्यान्वयन नहीं होने का क्या कारण है, क्या सरकार उन सभी योजनाओं को कार्यान्वित कराने का विचार रखती है?

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कबतक

6. **डा. उपेन्द्र प्रसाद** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सरकार नालन्दा जिला के प्रखंड एकंगरसराय के मंडाछ ग्राम में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तन कराना चाहती है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंड एकंगरसराय के अंतर्गत मंडाछ पंचायत में फल्गु नदी के पश्चिम स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र मंडाछ के 08 कि.मी. के अंदर एक भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण आम लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नालन्दा जिला के प्रखंड एकंगरसराय के मंडाछ पंचायत में मंडाछ के प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र को जनहित में अति. प्रा. स्वा. केन्द्र में परिवर्तन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

मूलभूत चिकित्सा सेवा कब से

7. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी अनुमंडल मुख्यालय स्थित करोड़ों रुपये की लागत से बना अनुमंडलीय अस्पताल खुद बीमार पड़ा है, यहां न तो मरीजों का बेहतर इलाज होता है और न ही समुचित दवा मिलती है;

(ख) क्या यह सही है कि इस अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों को सिर्फ प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध है, लेकिन यहां सिजेरियन सुविधा नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को पटना के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि इस अस्पताल में संचालित पोषण केन्द्र की भी हालत बदतर हो गई है, फिर भी विभाग मौन है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि किन परिस्थितियों में खंड 'क' में वर्णित अस्पताल उपेक्षित है और अस्पताल की बदहाली होने के लिए कौन दोषी हैं और उनपर कौन-सी कार्रवाई करने एवं अस्पताल को कबतक मूलभूत चिकित्सा सुविधा से लैस रखने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

छात्रावास का निर्माण

8. **श्री मो. गुलाम रसूल** : क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्तमान में राज्य में कुल कितने अल्पसंख्यक छात्रावास निर्मित हो चुके हैं एवं कितने का निर्माण लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि निर्मित हो चुके छात्रावासों में छात्रों की सुविधाओं के लिए क्या व्यवस्था की गई है एवं इन सुविधाओं को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए क्या व्यवस्था की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उपर्युक्त जिन जिलों में छात्रावासों का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है, सरकार वहां छात्रावासों का निर्माण कबतक कराना चाहती है?

एक्यूप्रेशर की चिकित्सा सार्वजनिक रूप से कब से

9. **श्री केदारनाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि आयुर्वेद एक्यूप्रेशर (दाब) पद्धति आयुष का एक मजबूत हिस्सा है;

(ख) क्या यह सही है कि विदेशों में एक्यूप्रेशर की ढेर सारी सुविधाएं जनता को उपलब्ध कराई जाती हैं;

(ग) क्या यह सही है कि एक्यूप्रेशर पद्धति का जन्म बौद्ध काल में बिहार में ही हुआ था और तब से विभिन्न रोगों के इलाज में कम खर्च में इसकी बड़ी भूमिका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार में एक्यूप्रेशर को आयुष का अनिवार्य अंग घोषित करते हुए इसकी चिकित्सा सुविधा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की कार्रवाई करना चाहती है?

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्

पटना
दिनांक : 22 अगस्त, 2017